भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 2221

गुरूवार, 06 अगस्त, 2026/15 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

आंध्र प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना

2221 श्री विजय चिंताकायलाः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश की पर्यटन क्षमता तथा राज्य की तटरेखा, विरासत एवं तीर्थ परिपथों सहित उसके प्रमुख पर्यटन आकर्षणों की पहचान की है;

(ख) राज्य में पर्यटन परिपथों के विकास हेतु स्वदेश दर्शन तथा प्रसाद जैसी योजनाओं के अंतर्गत आंध्र प्रदेश को प्रदान की गई केंद्रीय सहायता की क्या स्थिति है;

(ग) क्या सरकार आंध्र प्रदेश के तटीय, विरासत एवं पारि-पर्यटन स्थलों को समाहित करते हुए नए पर्यटन परिपथों की पहचान एवं विकास करने का प्रस्ताव रखती है; और

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु आंध्र प्रदेश को प्रदान की गई केंद्रीय सहायता का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): तटरेखा, विरासत और तीर्थ स्थलों/परिपथों जैसे विभिन्न गंतव्यों पर प्रमुख आकर्षणों, सुविधाओं और अनुभवों का पहचान और विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी विभिन्न योजनाओं, जैसे 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)', 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास- सीबीडीडी'- स्वदेश दर्शन 2.0 योजना की एक उप-योजना के तहत आंध्र प्रदेश राज्य सहित देश भर में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने का प्रस्ताव संबंधित राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा तैयार किए जाते हैं। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार जांच की जाती है और निर्धारित शर्तों की पूर्ति एवं धन की उपलब्धता के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

आंध्र प्रदेश के लिए इन उपर्युक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

श्री विजय चिंताकायला द्वारा आंध्र प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना के संबंध में दिनांक 06.08.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2221 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

आंध्र प्रदेश में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

राशि (करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ/स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1.	तटीय 2014-15	काकीनाडा - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुडी - अड्डुरु - एस यानम - कोटिपल्ली का विकास	67.83
2.	तटीय 2015-16	नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्बलमाडुगु जल प्रपात - नेलापट्टू - कोठाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास	49.55
3.	बौद्ध 2017-18	बौद्ध परिपथ: शालीहुंडम - बाविकोंडा - बोज्जनकोंडा - अमरावती - अनूपु का विकास	35.24

आंध्र प्रदेश में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

राशि (करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**गंतव्य**	**स्वीकृति तिथि**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1.	बापतला	29.03.2025	सूर्यलंका बीच अनुभव का विकास	97.52
2.	अरक्कू-लम्बासिंगी	05.03.2024	अरक्कू में बोर्रा केव अनुभव	29.88

आंध्र प्रदेश में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

राशि (करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**गंतव्य/श्रेणी**	**स्वीकृति तिथि**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1.	नागार्जुन सागर (संस्कृति एवं विरासत)	17.03.2025	नागार्जुन सागर में बौद्ध विरासत और सांस्कृतिक अनुभवों का संवर्धन	25.00

2.	अहोबिलम मंदिर (आध्यात्मिक पर्यटन)	17.03.2025	एक आध्यात्मिक यात्रा के रूप में अहोबिलम का विकास	25.00

आंध्र प्रदेश में तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

राशि (करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि**
1.	पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिले का विकास	2015-16	27.77
2.	श्रीसैलम मंदिर का विकास	2017-18	43.08
3.	विशाखापत्तनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम	2022-23	54.04
4.	अन्नावरम मंदिर शहर में तीर्थ पर्यटन अवसंरचना का विकास	2024-25	25.33

****